आज का दिन 1990 में फिलीपींस में भूकंप में 400 लोग मारे गए।

बाणसागर परियोजना

यूपी-बिहार और मध्यप्रदेश को लाभ मिलेगा

चार दशक पहले सोन नदी पर शुरू हुई महत्वाकांक्षी बाणसागर परियोजना का लाभ यूपी के साथ मध्य प्रदेश और बिहार को मिलेगा। लागत के लिहाज से यह एशिया की सबसे बड़ी परियोजना है। इस परियोजना से खास तौर पर यूपी के पूर्वांचल क्षेत्र में सिंचाई की समस्या का समाधान होगा। इसका मुख्य बांध मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में बना है।

मिर्जापुर-इलाहाबाद को ज्यादा लाभ

बाणसागर परियोजना से यूपी के मिर्जापुर और इलाहाबाद जिले के डेढ़ लाख हेक्टेयर की सिंचाई होगी। दोनों जिलों के एक लाख 70 हजार किसान सिंचाई की सुविधा से लाभान्वित होंगे।

बाणसागर परियोजना।

योजना की प्रगति

- 1978 में 14 मई तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरार जी देसाई ने परियोजना की नींव रखी थी।
- 3400 करोड़ की लागत से बनने वाले बाणसागर परियोजना का काम तीन चरणों में पूरा हुआ।
- 50 प्रतिशत पानी मध्य प्रदेश, 25 प्रतिशत यूपी और 25 प्रतिशत पानी बिहार को सिंचाई के लिए मिलेगा।
- 2006 में ही पूरी हो गई थी मध्य प्रदेश के हिस्से की परियोजना।
- 2015 में यूपी का पहला चरण पूरा किया गया, इसकी टेस्टिंग भी पूरी।
- 171 किलोमीटर लंबी नहर का निर्माण हुआ है परियोजना के तहत।
- 425 मेगावाट बिजली का भी उत्पादन होगा परियोजना में।

किसको कितना लाभ

1.54 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में परियोजना से मध्यप्रदेश में सिंचाई

1.50 लाख हेक्टेयर यूपी में सिंचाई, 94 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बिहार के खेतों की सिंचाई होगी।

प्रधानमंत्री ने मिर्जापुर में सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, कहा- गरीबों के पास भी बैंक एकाउंट और दुर्घटना बीमा पालिसी है

गरीबी-अमीरी के बीच खाई पाटी गई: मोदी

मोदी का यूपी दौरा

मिर्जापुर | वरिष्ठ संवाददाता

बाणसागर परियोजना समेत कई सौगातें देने रविवार को मिर्जापुर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गरीबी और अमीरी के बीच की खाई को पाटने का काम तेजी से किया जा रहा है।

बैंक में खाता होना, बीमा होना, एटीएम, पेटीएम का होना पहले गरीबों के लिए सपना था। कहा जाता था कि उनके लिए यह बना ही नहीं है। केन्द्र और राज्यों की सरकारों ने इन मिथकों को तोड़ने का काम किया। गरीबों के जनधन खाते खोलवाए गए। कहा कि केन्द्र सरकार कुछ ही महीनों बाद इस योजना को लागू कर देगी। योजना से देश की पचास करोड़ आबादी को पांच लाख तक के उपचार की मुफ्त व्यवस्था होगी।

दवा और सर्जरी के समानों को सस्ता किया गया: पीएम मोदी ने कहा कि केन्द्र में उनकी सरकार से पहले दवाओं और सर्जरी के सामानों का दाम आसमान छू रहा था। उसे खरीद पाना गरीबों के बस की बात नहीं थी।

केन्द्र में सरकार बनने के बाद चार वर्षों में दवाई और सर्जरी के सामानों की कीमत सस्ती की गई है। सात सौ प्रकार की दवाओं को 3500 जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से सस्ते दर पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। डेढ़ सौ प्रकार के सर्जरी के सामानों को सस्ता किया गया है। आठ सौ प्रकार की दवाओं की कीमत को नियंत्रित किया गया।

सस्ती दवाइयों और सिंचाई की व्यवस्था: पीएम ने कहा कि बीमारी होने पर गरीबों की सबसे बड़ी समस्या दवाइयां होती हैं। उनके लिए मुफ्त और सस्ती दवाई की व्यवस्था की जा रही है। किसान सिंचाई के पानी के अभाव में खेती से दूर भाग रहा है। उनकी सिंचाई की व्यवस्था को पूरा किया जा रहा है।

बाण सागर परियोजना सिंचाई की समस्या को दूर करेगी। बच्चों की बेहतर पढ़ाई की व्यवस्था हो जाए तो उन्हें कमाई के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए भी सरकार काम कर रही है। इससे गरीबी दूर करने में भी मदद मिल रही है।

मिर्जापुर के चंदईपुर गांव में रविवार को बाणसागर परियोजना और चुनार घाट पुल का लोकार्पण करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में राज्यपाल राम नाईक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेन्द्र नाथ पांडेय। • ए२

सोनेलाल पटेल को याद किया

मिर्जापुर। जिले के चंदईपुर मैदान से कई परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के बाद जनसभा को संबोधित करने आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना दल के संस्थापक डा. सोनेलाल पटेल का नाम लेकर मंत्री व जिले की सांसद अनुप्रिया पटेल का कद भी बढ़ा गए। उन्होंने इसके माध्यम से डा. सोनेलाल के संघर्षों और अपना दल की पूरा महत्व देते हुए गठबंधन धर्म भी निभाया।

जाति के नाम पर लोगों को बांटा गया: योगी

मिर्जापुर | निज संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहाकि अब तक की सरकारें जाति और मजहब के नाम पर लोगों को बांटने का कार्य कर रही थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से सत्ता संभाली है तब से देश के गरीबों, किसानों व युवाओं का विकास करने में जुटे हुए हैं।

उन्होंने मिर्जापुर में पहली बार देश के सबसे बड़े सोलरप्लांट का लोकार्पण इसी वर्ष मार्च में किया था। तब से इस जिले के विकास को जो गति मिली वह अनवरत जारी है। इस सोलर प्लांट से जिले की वैश्विक पहचान बनी। बीते चार वर्षों में प्रधानमंत्री ने गांव, गरीब और किसानों का विकास, युवाओं को रोजगार व महिलाओं को सम्मान दिलाने का कार्य किया है। पूर्व की सरकारों ने देश को तोड़ने का कार्य किया है। कभी मजहब के नाम पर तो कभी जाति के नाम पर समाज को तोड़ा गया।

पीएम मोदी के साथ बाणसागर परियोजना का लोकार्पण करने पहुंचे सीएम योगी ने कहा कि पूर्व की सरकारों की नीयत ठीक नहीं थी।

विंध्य धरती और मैं सौभाग्यशाली हूं : अनुप्रिया

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री व जिले की सांसद अनुप्रिया पटेल ने कहाकि सौभाग्य है कि बतौर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह तीसरी यात्रा है। प्रधानमंत्री का जब भी जिले में पदार्पण हुआ है तब कुछ न कुछ बड़ी चीज मिली है।

परियोजना से किसानों की तरक्की होगी : धर्मपाल

प्रदेश के सिंचाई व यांत्रिक मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहाकि बाणसागर परियोजना से किसानों की तरक्की होगी। इससे गांवों का विकास होगा तो देश का विकास होगा। साथ व बसपा की सरकारों के एजेंडे में यह परियोजना नहीं थी।

मिशन 2019

प्रधानमंत्री पूर्वांचल में चुनावी बिसात बिछा गए

वाराणसी | अरुण मिश्र

भाजपा अगले लोकसभा चुनाव को लेकर एक्शन मोड में आ गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो दिवसीय पूर्वांचल दौरे से इसका स्पष्ट संकेत मिला। यूं कहें कि विभिन्न वर्गों से संवाद कर प्रधानमंत्री चुनावी बिसात बिछा गए। आजमगढ़, वाराणसी व मिर्जापुर में पीएम ने जिस तरह से विपक्षी दलों पर सियासी हमले बोले और सरकार की उपलब्धियां बताकर जनता के दिलों में पैठ बनाने की कोशिश की, वह फिलहाल विपक्षी दलों के लिए चुनौती बन गया है।

तीन बड़ी जनसभाओं से पीएम ने पूर्वांचल की 4 करोड़ जनता को संदेश देने की कोशिश की कि पिछली सरकारों ने केवल वोट की राजनीति की जबकि भाजपा ने चार सालों में विकास के नए मानदंड तय किए।

आजमगढ़: एक तीर से कई निशाने साधे

सपा का गढ़ रहे आजमगढ़ में पीएम मोदी ने एक तीर से कई निशाने साधे। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे भले ही सपा की योजना रही हो मगर पीएम मोदी ने इसका शिलान्यास कर पूर्वी उत्तर प्रदेश से जुड़े सात जिलों में विकास की नींव रख दी।

बनारस: सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

मोदी का भाषण चार सात की उपलब्धियों पर केन्द्रित रहा। उन्होंने विरोधियों की आशंकाएं दूर करने का प्रयास किया कि काशी की आत्मा में कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है बल्कि बनारस को दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की कोशिश की जा रही है।

मिर्जापुर: मोदी ने किसानों को रिझाया

मिर्जापुर में मोदी का फोकस किसानों पर रहा। बहुप्रतीक्षित चार दशक पुरानी 'लटकी, अटकी-भटकी' बाण सागर परियोजना के बहाने सपा-बसपा पर निशाना साधा तो सिंचाई की बड़ी सौगात देकर यह बताया कि उनके एजेंडे में किसान ऊपर हैं। मिर्जापुर, सोनभद्र में निचले तबके के लोगों को सरकार की एक-एक योजना की जानकारी देकर उनके दिलों में पैठ बनाने की सफल कोशिश की।

पीएम के पांच मंत्र

1. **घर-घर संपर्क बढ़ाएं**
   प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं को चुनावी जीत के मंत्र दिये। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि विधानसभावार बूथस्तर पर टोलियां बनाकर पदयात्राएं करें, घर-घर संपर्क बढ़ाएं।
2. **मतदाताओं के नाम जुड़वाएं**
   प्रधानमंत्री ने कहा, अवसर चुनाव के दौरान यह देखा जाता है कि तमाम लोगों के नाम नाम जुड़ नहीं पाए हैं। आपकी जिम्मेदारी है कि घर-घर मतदाता सूची लेकर जाएं। जिनके नाम नहीं हैं उनका नाम जोड़वाएं।
3. **सरकार की नीतियां बताएं**
   प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने हर वर्ग के लिए योजनाएं लागू की हैं। तमाम लोगों को योजनाओं की जानकारी नहीं है। हम अपनी नीतियों के जरिए न केवल उन्हें लाभान्वित करा सकते हैं बल्कि उन्हें पार्टी से भी जोड़ें।
4. **विशेष संपर्क अभियान चलाएं**
   पीएम ने जनवरी तक विशेष संपर्क अभियान चलाने को कहा। उन्होंने कहा कि घर से दस किमी दूर जाकर लोगों से जनसंपर्क करें। गांवों में चौपाल लगाएं। पता करें कि क्या काम हुआ और क्या बाकी रह गया है।
5. **सम्मेलन के लिए जुट जाएं**
   प्रधानमंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से 21-23 जनवरी 2019 में होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन को लेकर तैयारी में जुट जाने को कहा। काशीवासी होने के नाते मेहमानों का स्वागत आपकी जिम्मेदारी है।

भाजपा हर बूथ पर तैयार करेगी पांच साइबर योद्धा

नई दिल्ली | एजेंसियां

आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सूचना प्रौद्योगिकी प्लेटफार्म और सोशल मीडिया पर विपक्ष के हमले का जवाब देने के लिए किलेबंदी की है। पार्टी की साइबर सेना हर मतदान केंद्र पर पांच साइबर योद्धा तैयार करेगी, जिनको विपक्ष के दुष्प्रचार के खिलाफ भाजपा की उपलब्धियों की तथ्यात्मक तस्वीर पेश करने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि आज के सूचना क्रांति के युग में सूचना प्रौद्योगिकी प्लेटफार्म, सोशल मीडिया का प्रभाव किसी से छिपा नहीं है। आने वाले चुनाव में काफी संख्या में युवा पहली बार वोट डालेंगे। देश के दूरदराज के क्षेत्रों में भी लोग सोशल मीडिया से जुड़े हैं।

उन्होंने कहा, ऐसे में पार्टी दूरदराज के क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगकी प्लेटफार्म के जरिये जन जन तक सरकार के कार्यों की सही तस्वीर पेश करेगी। भाजपा की सोशल मीडिया टीम तीन स्तरों पर काम कर रही है।



ट्रेन का बेडरोल महंगा होगा गरीब रथ के टिकट में जुड़ेगा

तैयारी

नई दिल्ली | एजेंसियां

आम आदमी के लिए सस्ते किराए की सुविधा के साथ शुरू की गई वातानुकूलित ट्रेन 'गरीब रथ' के टिकट में बेडरोल का किराया जोड़ा जा सकता है। ट्रेनों में बेडरोल के 25 रुपये के किराए को भी बढ़ाने पर विचार हो रहा है। इससे इस ट्रेन के किराए में खासी बढ़ोत्तरी हो सकती है।

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कपड़े के रखरखाव की लागत में तेज वृद्धि होने से यह समीक्षा दूसरी ट्रेनों में भी लागू हो सकती है। एक दशक पहले तय हुए गरीब रथ ट्रेनों की तरह दूसरी ट्रेनों में भी बेडरोल की कीमतों में एक दशक में कोई इजाफा नहीं हुआ है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के कार्यालय से एक नोट आने के बाद यह विचार किया जा रहा है। इस नोट में पूछा गया था कि गरीब रथ में किराए का पुनरीक्षण क्यों नहीं किया गया और अनुशंसा की कि बेडरोल की लागत को ट्रेन के किराए में शामिल किया जाए। सीएजी ने 26 गरीब रथ ट्रेनों में इस किराए के पिछले 12 साल से ज्यों का त्यों रहने पर भी आपत्ति जताई। अधिकारी ने कहा, 'हमें इस संबंध में नोट मिला है और हम इसकी समीक्षा कर रहे हैं। कीमतें हमेशा एकसमान नहीं रह सकती हैं। अगले छह महीने में गरीब रथ के बेडरोल का किराया भी बढ़ाकर इसे टिकट में जोड़ा जाएगा।'

वर्तमान में बेडरोल का किराया टिकट में जुड़ता है

वर्तमान में रेलवे सभी वातानुकूलित कोचों में बेडरोल किट यात्रियों को देता है। इसका 25 रुपये किराया टिकट में ही जुड़ा होता है। हालांकि गरीब रथ और दुरंतो ट्रेनों में यह व्यवस्था नहीं है। इन दोनों श्रेणियों के ट्रेनों में यात्रियों द्वारा टिकट खरीदते समय ही मांगने पर बेडरोल 25 रुपये लेकर उपलब्ध कराया जाता है। इस किराया 2006 में ही निर्धारित किया गया था और उसके बाद इसकी कोई समीक्षा नहीं की गई।

चाइल्ड लाइन का देश के 450 क्षेत्रों तक विस्तार

नई दिल्ली। संकट के दौरान बच्चों की मददगार राष्ट्रव्यापी आपातकालीन हेल्पलाइन (चाइल्ड लाइन 1098) का 76 रेलवे स्टेशन समेत 450 क्षेत्रों में विस्तार किया गया है। पिछले महीने तक इसकी सेवाएं 60 रेलवे स्टेशनों समेत 435 क्षेत्रों तक सीमित थी। महिला और बाल विकास मंत्रालय के अनुसार, इस हेल्पलाइन का उद्देश्य लापता बच्चों को बचाना और पुनर्वास में मदद करना है। बाल तस्करी के प्रमुख केंद्रों के तौर पर चिह्नित किए देश के 76 स्टेशनों पर हेल्पलाइन काम कर रही है।

1200 कॉल खंगाली फिर भी सुराग नहीं

मुन्ना बजरंगी हत्याकांड

बागपत | वरिष्ठ संवाददाता

पूर्वांचल का डॉन मुन्ना बजरंगी की बागपत जेल में हत्या के एक सप्ताह बाद भी ऐसा कुछ हाथ नहीं लगा पाया है जिससे अफसर सीना ठोंककर वारदात की वजह को उजागर कर सकें।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पिछले एक सप्ताह में 1200 फोन कॉल को खंगाला गया है, जिनमें से 50 कॉल को चिन्हित कर उन पर गंभीरता से काम करना शुरु कर दिया गया है। सबसे चौंकाने वाली बात तो यह है कि इन 50 नंबरों में दो तिहाई के करीब पूर्वांचल के हैं। अब अगर इन नम्बरों की पुख्ता जांच में पूर्वांचल के सफेदपोश नेताओं या फिर उनके गुर्गों का लिंक जुड़ गया तो बजरंगी के परिजनों का हर वो आरोप सच साबित होगा, जिसे उसकी हत्या से पहले ही चीख-चीख कर बयां किया जा रहा था। और फिर पूर्व सांसद धनंजय सिंह, ब्रिजेश सिंह से लेकर एक केन्द्रीय राज्यमंत्री तक कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। हालांकि, पुलिस व जेल अधिकारी मुन्ना बजरंगी हत्याकांड की जांच से जुड़े पहलुओं पर चर्चा करने तक से कतरा रहे हैं मगर इतना जरुर स्वीकार किया जा रहा है कि फिलहाल उनकी जांच का सबसे बड़ा फोकस फोन कॉल की पड़ताल और उनके एक-दूसरे से कनेक्शन को तलाशना है। 10 करोड़ रुपये की सुपारी की चर्चा पर फोकस पुलिस की जांच के दूसरे पायदान पर है।

फतेहगढ़ में हाई अलर्ट, जेल पर पीएसी तैनात

फर्रुखाबाद। माफिया मुन्ना बजरंगी की हत्या के आरोपी सुनील राठी के बागपत जेल से सेंट्रल जेल पहुंचते ही फतेहगढ़ हाईअलर्ट पर है। जेल की चौकसी और बढ़ा दी गई है। हर आने जाने वाले पर पुलिस की नजर है। बाहर के नंबरों वाली गाड़ियों पर निगरानी बढ़ाई है। तनाहाई बैरक में रखे गए कुख्यात राठी की मिलाई पर रोक लगा दी गई है। जेल के सीसीटीवी कैमरों को लखनऊ से सीधे जोड़ दिया गया है। शनिवार रात बागपत की जेल से राठी को फतेहगढ़ की सेंट्रल जेल में शफ्ट किया गया है। राठी के साथ आए सामान से भरे पांच बैग जेल प्रशासन ने वापस कर दिया है। राठी को जेल की तरफ से कुर्ता पायजामा पहनने को दिया गया।

राष्ट्रभक्ति पर प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं: कांग्रेस

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

कांग्रेस ने केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि जिन लोगों ने आजादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया, वे किसी को राष्ट्रभक्ति का सर्टिफिकेट नहीं दे सकते। कांग्रेस को मुसलमानों की पार्टी बताने वालों को पहले इतिहास पढ़ना चाहिए।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सवालों का जवाब देते हुए कहा वे सिर्फ भाजपा का नहीं, बल्कि पूरे देश का नेतृत्व कर रहे हैं। कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई में हिस्सा लिया है। ऐसे में कांग्रेस पर इस तरह टिप्पणी करना कतई उचित नहीं है।

आनंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने बयान में देश की उपलब्धियों को भी कम करके आंका है। इस तरह के बयान चिंता का विषय है। यह बयान इतिहास और तथ्यों से पूरी तरह अलग है। उन्होंने कहा कि देश में किसान, महिला, युवाओं तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े ज्वलंत मुद्दे हैं, जिनसे सरकार ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

जोगी के लिए दरवाजे बंद : पुनिया

नई दिल्ली। कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के फिर से कांग्रेस के साथ आने की अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि 'जोगी के लिए पार्टी के सारे दरवाजे बंद हो चुके हैं।' पुनिया ने दावा किया कि 'जोगी और बसपा के बीच कोई गठबंधन नहीं हो रहा है। **(एजेंसी)**

मध्य प्रदेश में आलोक 'आप' का चेहरा होंगे

इंदौर। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को मध्य प्रदेश में चुनावी बिगुल फूंक दिया। उन्होंने घोषणा की कि इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आलोक अग्रवाल दल की ओर से मुख्यमंत्री पद के दावेदार होंगे। केजरीवाल ने यहां पार्टी के राज्यस्तरीय पदाधिकारी सम्मेलन में मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में अग्रवाल के नाम पर औपचारिक मुहर लगाई। **(एजेंसी)**

राज्यपाल ने अध्यादेश को मंजूरी दी, शहरों में पतली पॉलिथीन पर पूरी तरह रोक लगी

पॉलिथीन बनाने, बेचने पर एक साल की सजा

उत्तर प्रदेश

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

राज्यपाल राम नाईक ने 50 माइक्रोन से पतली पॉलिथीन पर रोक के लिए उत्तर प्रदेश प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा कचरा (उपयोग और निस्तारण का विनियमन) (संशोधन) अध्यादेश 2018 को मंजूरी दे दी। इसके साथ प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में 50 माइक्रोन से पतली पॉलिथीन बनाना और बेचना पूरी तरह से प्रतिबंधित हो गया है। अब इसे बनाते या बेचते कोई पाया गया तो उसे अधिकतम एक लाख रुपये जुर्माना व एक साल की सजा हो सकती है।

राज्य सरकार ने प्रदेश में 50 माइक्रोन से पतली पॉलिथीन पर कड़ाई के साथ प्रतिबंध लगाने के लिए उत्तर प्रदेश प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा कचरा (उपयोग और निस्तारण का विनियमन) अधिनियम, 2000 में कई संशोधन करते हुए उसे और कठोर व प्रभावी बनाया गया है। जैविक रूप से नष्ट न होने वाले 50 माइक्रोन से कम मोटाई के प्लास्टिक के थैले, पॉलिथीन, नायलोन, पीवीसी, पॉलीप्रोपाइलिन, पालीस्टिन व थर्माकोल के प्रयोग व पुनर्निमाण, विक्रय, वितरण, पैकेजिंग, भंडारण, परिवहन, आयात व निर्यात को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

जुर्माने के साथ कारावास

कड़ाई से पालन के लिए प्रतिबंधों का पहली बार उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को एक माह की सजा या न्यूनतम 1000 रुपये और अधिकतम 10,000 तक जुर्माना भरना होगा।

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.
(भारत सरकार का नवरत्न उपक्रम)
सचिव कार्यालय एवं निदेशक मंडल सेवा प्रभाग, कॉर्पोरेट कार्यालय, सी. 3,
सफदर गंज, नई दिल्ली-110070
फोन/फैक्स: 011-26178243-44, 26178243-46, फैक्स: 41673112
ई-मेल: investorrelations@concorindia.com वेबसाइट: http://www.concorindia.com

सूचना

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के विनियम 29 सहपठित विनियम 47 (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) के अनुपालन में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है, कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक, 26 जुलाई 2018 को होगी जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ 30 जून, 2018 को समाप्त वित्तीय के दौरान कम्पनी के अनेकेक्षारपेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा स्वीकृत किया जाएगा।

यह सूचना कम्पनी की वेबसाइट तथा उन स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों में भी उपलब्ध है जहां कम्पनी के शेयरों को सूचीबद्ध किया गया है यानी बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

कृते एवं भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड की ओर से
हस्ता/-
स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 11.07.2018
कार्यकारी निदेशक (वित्त) एवं सीएस

मुंजाल शोवा लिमिटेड
सीआईएन: L34101HR1985PLC020934
पंजीकृत कार्यालय एवं वर्क्स: 9-11, मारूति इंडस्ट्रियल एरिया, सेक्टर 18, गुरूग्राम-122015 (हरियाणा) फोन: +91-124-4783000 फैक्स: +91-124-2341359
ई-मेल: pgupta@munjalshowa.net, वेबसाईट: www.munjalshowa.net

सूचना

भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचियन दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली, 2015 की नियमावली 29 एवं 47 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मण्डल की बैठक सोमवार, 30 जुलाई, 2018 को आयोजित की जाएगी जिसमें, अन्य विषयों के अतिरिक्त, कम्पनी के 30 जून, 2018 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं उन्हें अनुमोदित किया जायेगा।

सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.munjalshowa.net एवं बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इण्डिया लिमिटेड (www.nseindia.com) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

मंडल के आदेश से
मुंजाल शोवा लिमिटेड हेतु
हस्ता/-
सौरभ अग्रवाल
कम्पनी सचिव
स्थान : गुरुग्रांव
तिथि : 13 जुलाई 2018